आशुलिपि हिन्दी
(सिद्धान्त)
(324/424)

समय : 1½ घण्टे] [पूर्णांक : 30

निर्देश : (i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) उत्तर आशुलेखों सहित स्वीकार किये जायेंगे।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न का उत्तर शुरू करने से पहले उसकी क्रम संख्या अवश्य लिखें।

(v) उत्तर स्पष्ट तथा संक्षिप्त होने चाहिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : ½×6=3

(क) 'र' हुक युक्त सरल रेखाओं पर आरंभिक वृत्त 'स' के किस ओर लगाया जाता है?

(ख) 'न' का योग करने के लिए सीधी रेखा में हुक प्रारंभ में लगाया जाता है या अंत में?

(ग) सरल रेखाओं में 'न' हुक के स्थान पर 'स' वृत्त क्या प्रकट करता है?

(घ) क्या वक्र रेखाओं के साथ 'व' अथवा 'य' हुक का प्रयोग होता है?

(ङ) 'क' रेखा से पहले 'ह' आए तो कौन-सा 'ह' लिखा जाएगा?

(च) शन या षण के लिए अंतिम बड़े हुक सीधी रेखाओं में किस दिशा में लगाये जाते हैं?

2. (क) रेखा 'व' के हुक को बड़ा करने से उसमें किस व्यंजन का योग होता है, उदाहरण दीजिए। 1

(ख) हुक 'फ' सरल रेखाओं पर किस रूख दिशा से लगाया जाता है, उदाहरण दीजिए। 1

(ग) 'व' से पूर्व स्वर हो तो 'व' के लिए रेखा का प्रयोग होगा या अर्द्धक का? 1

3. व्यंजन रेखाओं को किन-किन ध्वनियों के लिए आधा किया जाता है? उसके नियम उदाहरण सहित बताइए। 4

अथवा

(क) व्यंजन 'घ' तथा व्यंजन 'ङ' को किन-किन व्यंजनों की ध्वनियों के लिए दुगुना किया जाता है, उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) ऐसी व्यंजन रेखाओं के उदाहरण दीजिए, जिनको मोटा करने पर 'द' तथा 'ड' का योग होता है। 2

4. उपसर्ग किसे कहते हैं? स्वर 'अ' को उपसर्ग के रूप में विशेषता बताते हुए यह स्पष्ट कीजिए कि इसका प्रयोग शब्दों, शब्दाक्षरों, शब्द चिन्हों तथा संक्षिप्ताक्षरों के साथ जोड़कर किस प्रकार किया जाता है। 4

अथवा

(क) महा, राष्ट्र तथा राज शब्दों का उपसर्ग के रूप में प्रयोग करते हुए **दो-दो** शब्द एवं उनके आशुलिपि रूप लिखिए। 2

(ख) संक्षिप्ताक्षर की परिभाषा स्पष्ट करते हुए रक्षा शब्द का संक्षिप्ताक्षर रूप आशुलिपि में लिखिए और उस पर उपसर्ग 'स' तथा 'अ' जोड़कर **दो-दो** संक्षिप्ताक्षर वाले शब्द तथा रूप लिखिए। 2

5. (क) गत गति को आशुलिपि में आधी 'ग' व्यंजन रेखा से उपसर्ग एवं प्रत्यय के रूप में किस प्रकार प्रकट किया जाता है, उदाहरण दीजिए। 2

(ख) निम्नलिखित को आशुलिपि में लिखिए : 2

(i) 640500

(ii) 327555600

(iii) 725684300

(iv) 6331500

6. (क) निम्नलिखित शब्दों को काट का प्रयोग करते हुए आशुलिपि में लिखिए : 2

(i) म्यूनिसिपल कमेटी

(ii) जून महीना

(iii) सुरक्षा परिषद्

(iv) उत्तर रेलवे

(ख) निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए : 2

(i) भाई-बहन

(ii) माँ-बाप

(iii) शुभ-अशुभ

(iv) न्याय-अन्याय

(ग) निम्नलिखित को आशुलिपि में लिखिए : 2

(i) धीर-धीरे

(ii) थोड़ा-थोड़ा

(iii) ज्यादा से ज्यादा

(iv) दिन-प्रतिदिन

7. निम्नलिखित को आशुलिपि में लिखिए : 6

(क) आम तौर पर

(ख) पूरी सहायता

(ग) नामुमकिन

(घ) सहानुभूतिपूर्ण

(ङ) अतिरिक्त सचिव

(च) उच्च श्रेणी लिपिक

(छ) मुख्यमंत्री

(ज) मुख्य नियंत्रक

(झ) सिंचाई तथा विद्युत् मंत्रालय

(ञ) रेल मंत्री

(ट) संघ लोक सेवा आयोग

(ठ) खास तौर से

★ ★ ★